रोल नं. | | | | | | | |

***SERIES*** : **8/2007/2**

**Subject Code No. 051/1        Question Paper Code No.1**

- *इस प्रश्न-पत्र में 90 बहुवैकल्पिक प्रश्न दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न का एक अंक है।* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***
- *उत्तर पत्रक पर विवरण लिखने/उत्तर देने के लिए केवल काले/नीले बॉल प्वॉइन्ट पेन का प्रयोग करें।*
- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 12 हैं।*
- *प्रश्न-पत्र का उत्तर लिखने से पहले परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उन्हें पूर्ण एवं सही प्रश्न-पत्र दिया गया है अथवा नहीं। परीक्षा के उपरान्त इस विषय में कोई भी शिकायत,यदि कोई हो, नहीं सुनी जाएगी।*
- *प्रश्न-पत्र में बाएं हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र ओ.एम.आर. पर लिखें।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए पेपर कोड नम्बर को छात्र ओ.एम.आर. पर लिखें।*
- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 90 प्रश्न हैं।*
- *अपठित उत्तर या ऐसे उत्तर, जिन्हें काटा या बदला गया है, निरस्त कर दिए जाएँगे।*
- *दिए गए 4 विकल्पों में से परीक्षार्थी को प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए केवल* ***एक*** *ही विकल्प चुनना है।*
- *परीक्षार्थी उत्तर पत्रक पर अपना अनुक्रमांक अंकों के साथ-साथ गोले में भी भरें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं. प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*

# हिन्दी

**(Only for Re-appear Candidates)**

**SEMESTER–I (Objective Type)**

*समय : 1½ घंटे ]*                                    *[ पूर्णांक : 90*

**1.** भाषा के किस रूप को उसका मूल रूप कहा जाता है

(A) लिखित        (B) मौखिक

(C) राष्ट्रीय        (D) अंतर्राष्ट्रीय

**2.** भाषा का मुख्य कार्य क्या है

(A) पत्र लिखना (B) साहित्य लिखना

(C) वक्ता की बात दूसरे तक पहुंचाना (D) कविता लिखना

**3.** भाषा को किसकी व्यवस्था कहा गया है

(A) ध्वनि प्रतीकों की (B) वर्ण व्यवस्था

(C) लिखने की (D) जाति की व्यवस्था

**4.** कोई भी शब्द वाक्य में प्रयुक्त होने पर क्या कहलाता है

(A) वर्ण (B) पद (C) वाक्य (D) शब्द

**5.** भाषा की व्यवस्था के नियमों को क्या कहते हैं

(A) शब्दकोश (B) नियमावली (C) शब्द संहिता (D) व्याकरण

**6.** संविधान में कितनी भारतीय भाषाओं को स्वीकार किया गया है

(A) सोलह (B) अट्ठारह (C) दो (D) पच्चीस

**7.** अण्डमान-निकोबार की राज भाषा कौन-सी है

(A) पुर्तगाली (B) दक्षिणी हिन्दी (C) हिन्दी (D) अंग्रेजी

**8.** निम्नलिखित में से कौन-सी बोली पूर्वी हिन्दी की है

(A) ब्रज (B) मेवाती (C) मारवाड़ी (D) भोजपुरी

**9.** हैदराबाद और गुलबर्गा में बोली जाने वाली हिन्दी को किस नाम से जाना जाता है

(A) पहाड़ी हिन्दी (B) पूर्वी हिन्दी

(C) पश्चिमी हिन्दी (D) दक्षिणी हिन्दी

**10.** किस देश में हिन्दी का प्रयोग किया जाता है

(A) मारीशस (B) चीन (C) अमेरिका (D) रूस

**11.** हिन्दी भाषा के विकास और प्रसार का उल्लेख संविधान के किस अनुच्छेद में किया गया है

(A) 351 (B) 101 (C) 151 (D) 301

**12.** इनमें से पूर्ण अर्थ देने की शक्ति किसमें है

(A) स्वर (B) शब्द (C) व्यंजन (D) वाक्य

**13.** वाक्य में पदों का उचित स्थान व उनकी निकटता क्या कहलाती है

(A) विशेषता (B) आसत्ति (C) आकांक्षा (D) योग्यता

**14.** जिसके बारे में बात कही जाए, उसे क्या कहते हैं

(A) कर्म (B) विधेय (C) कारक (D) उद्देश्य

**15.** कर्त्ता या कर्म में होने वाले परिवर्तन का जो प्रभाव उसी वाक्य की क्रिया के लिंग और वचन पर पड़ता है, उसे क्या कहते हैं

(A) कारक (B) अन्विति (C) आसत्ति (D) सम्बन्ध

**16.** 'कर्ण एक महान दानी था'–वाक्य में रेखांकित भाग क्या है

(A) विस्तार (B) विशेषण (C) विधेय (D) क्रिया-विशेषण

**17.** 'दोनों टीमों ने शानदार मैच खेला'–वाक्य में रेखांकित शब्द क्या है

(A) कर्म (B) करण

(C) कर्त्ता (D) क्रिया

**18.** जब किसी वाक्य में अलग-अलग लिंग के दो कर्ता हों, तो क्रिया की अन्विति किस लिंग और वचन में होती है

(A) स्त्रीलिंग बहुवचन (B) स्त्रीलिंग एकवचन

(C) पुल्लिंग एकवचन (D) पुल्लिंग बहुवचन

**19.** 'गीता ने भाषण दिया'–वाक्य में क्रिया की अन्विति किससे संबंध रखती है

(A) गीता (B) कर्त्ता (C) कर्म (D) क्रिया

**20.** 'अमित परसों लौटेगा'– वाक्य में 'परसों' क्या है

(A) क्रिया (B) क्रिया-विशेषण (C) समय वाचक (D) विशेषण

**21.** पदक्रम के अनुसार सही वाक्य छांटिए

(A) खरगोश को काटकर खिलाओ गाजर

(B) गाजर खिलाओ खरगोश को काटकर

(C) काटकर खिलाओ गाजर को खरगोश

(D) खरगोश को गाजर काटकर खिलाओ

**22.** अर्थ के आधार पर वाक्य कितने प्रकार के होते हैं

(A) चार (B) आठ (C) दो (D) पाँच

**23.** एक ही विधेय किसमें होता है

(A) मिश्र वाक्य में (B) सरल वाक्य में

(C) संयुक्त वाक्य में (D) नकारात्मक वाक्य में

**24.** 'झंडा ऊँचा रहे हमारा', यह किस प्रकार का वाक्य है

(A) इच्छावाचक (B) विस्मयादिबोधक

(C) कामनावाचक (D) उन्नतिवाचक

**25.** 'मैं आपसे कब मिलूं ?' यह वाक्य कैसा है

(A) विधानवाचक (B) कालवाचक

(C) प्रश्नवाचक (D) आज्ञावाचक

**26.** एक स्वतंत्र उपवाक्य को इनमें से क्या कहा जाता है

(A) स्वतंत्र वाक्य (B) आश्रित वाक्य

(C) आधार वाक्य (D) सरल वाक्य

**27.** दो या अधिक समानाधिकरण उपवाक्यों को योजक से जोड़ने पर कैसा वाक्य बनता है

(A) वाक्य गुच्छ (B) संयुक्त वाक्य

(C) मिश्र वाक्य (D) सरल वाक्य

**28.** 'संभव है इस वर्ष बाढ़ आ जाए'– यह कैसा वाक्य है

(A) विधानवाचक (B) शर्तबोधक

(C) संभावनावाचक (D) संदेहबोधक

**29.** 'फूलों पर भौंरे मंडरा रहे हैं'– वाक्य का रेखांकित भाग कौन-सा पदबंध है

(A) संज्ञा पदबंध (B) विशेषण पदबंध

(C) क्रिया-विशेषण पदबंध (D) क्रिया पदबंध

**30.** 'दादी पत्र पढ़वा रही है'– वाक्य में रेखांकित शब्द क्या है

(A) प्रेरणार्थक क्रिया (B) मूल क्रिया

(C) धातु क्रिया (D) सहायक क्रिया

**31.** गणतंत्र दिवस किस दिन मनाया जाता है

(A) 30 जनवरी (B) 2 अक्टूबर

(C) 26 जनवरी (D) 15 अगस्त

**32.** निम्नलिखित में से किसका संबंध दिवाली के त्योहार से नहीं है

(A) महावीर स्वामी (B) श्रीकृष्ण

(C) स्वामी दयानंद (D) श्रीराम

**33.** कौन-से पर्व को राष्ट्रीय पर्व कहा जाता है

(A) स्वतन्त्रता दिवस (B) नववर्ष (C) होली (D) गुरुपर्व

**34.** ओणम किस राज्य का प्रमुख त्योहार है

(A) तमिलनाडु (B) आंध्र प्रदेश (C) कर्नाटक (D) केरल

**35.** असम का प्रमुख त्योहार कौन-सा है

(A) संक्रान्ति (B) दिवाली (C) बिहू (D) होली

**36.** कौन-सा तत्व भारतवर्ष की एकता को बढ़ाने में सहायक है

(A) हमारी वेशभूषा (B) हमारा खानपान

(C) हमारे धार्मिक त्योहार (D) हमारी राष्ट्रभाषा हिन्दी

**37.** राष्ट्रगान 'जन-गण-मन' के रचयिता कौन हैं

(A) बंकिम चन्द्र (B) रवीन्द्रनाथ टैगोर

(C) सरोजिनी नायडू (D) निराला

**38.** कौन-सा तत्व पर्यावरण प्रदूषण को बढ़ाने में सहायक है

(A) अधिक धन (B) अधिक जनसंख्या वृद्धि

(C) नदियों में अधिक पानी (D) अधिक वृक्ष और जंगल

**39.** पर्यावरण प्रदूषण के कारण वायुमण्डल की कौन-सी परत को खतरा बढ़ गया है

(A) ओज़ोन (B) नाइट्रोजन

(C) हाइड्रोजन (D) ऑक्सीजन

**40.** अधिक जनसंख्या वृद्धि देश के विकास में क्यों बाधक है

(A) जनसंख्या के अनुपात में विकास पिछड़ जाता है

(B) उत्पादन अधिक नहीं हो पाता

(C) जनसंख्या विकास न होने का शोर मचाती है

(D) जनसंख्या सारा अनाज चटकर जाती है

**41.** निम्नलिखित में से कौन सरकारी जन-सेवक है

(A) दूधिया (B) केबल वाला

(C) अखबार वाला (D) डाकिया

**42.** गली की सफाई के लिए किसे पत्र लिखेंगे

(A) बिजली बोर्ड अधिकारी (B) डाकपाल

(C) स्वास्थ्य अधिकारी (D) चिकित्सा अधिकारी

**43.** मित्र को पत्र लिखते समय समापन में कौन-सा शब्द नहीं लिखा जाएगा

(A) हितैषी (B) शुभेच्छु

(C) आपका आज्ञाकारी (D) अभिन्न मित्र

**44.** स्कूल छोड़ने के प्रमाण-पत्र हेतु प्रार्थना-पत्र लिखाते समय कौन-सी बात अनावश्यक है

(A) अनुक्रमांक (B) पिता की आय का ब्यौरा

(C) कक्षा व सेक्शन (D) पिताजी का नाम

**45.** विद्यालय के पुस्तकालय से पुस्तक न मिलने पर शिकायती-पत्र किसे लिखेंगे

(A) प्रधानाचार्य को (B) पुस्तकें बांटने वाले लिपिक को

(C) प्रकाशक को (D) कक्षा अध्यापक को

**46.** 'मुक्ति' कहानी में लेखक ने कितनी घटनाओं का वर्णन किया है

(A) दो (B) तीन (C) एक (D) चार

**47.** 'हथियार डालना' मुहावरे का अर्थ है

(A) तलवार म्यान में डालना (B) हथियार जेब में रखना

(C) फेंक कर मारना (D) हार मान लेना

**48.** 'मुक्ति' कहानी में वर्णित चिड़ा कांच पर चोंच क्यों मार रहा है

(A) फ्लैट के अंदर जाने के लिए

(B) अपने प्रतिबिंब को दूसरा चिड़ा समझकर

(C) फ्लैट में बंद चिड़िया की मुक्ति के लिए

(D) वस्तु पाने के लिए

**49.** 'अगर नाक न होती' पाठ के लेखक कौन हैं

(A) गोपाल बाबू शर्मा (B) प्रेमचन्द

(C) अज्ञेय (D) नागार्जुन

**50.** 'शरीर में सबसे ऊँचा स्थान नाक का है' यह कैसे जाना जा सकता है

(A) खड़े होकर (B) लेट कर (C) झुक कर (D) बैठ कर

**51.** कुलू का तीर्थ मणिकर्ण किस विशेषता के लिए प्रसिद्ध है

(A) ऊँचाई के लिए (B) बर्फ के लिए

(C) ठंडे पानी के लिए (D) गर्म पानी के लिए

**52.** कौन-से त्योहार पर कुलु के अनेक मंदिरों के देवता एक स्थान पर लाए जाते हैं

(A) होली (B) संक्रान्ति (C) दशहरा (D) दिवाली

**53.** डा. चंद्रा को 'अभिशप्त काया' कहने का अभिप्राय क्या है

(A) विकलांग शरीर (B) सुप्त शरीर

(C) स्वस्थ काया (D) बलवान काया

**54.** डा. चन्द्रा ने किस विषय में डॉक्टरेट प्राप्त की

(A) गणित (B) चिकित्सा विज्ञान

(C) भू-शास्त्र (D) माइक्रोबायोलॉजी

**55.** यमराज ने नचिकेता से कितने वर मांगने के लिए कहा

(A) दो (B) तीन (C) एक (D) चार

**56.** नचिकेता ने तीसरे वर स्वरूप यमराज से क्या चाहा

(A) धन दौलत (B) एक बड़ा राज्य

(C) पिता का स्नेह (D) जन्म-मृत्यु का रहस्य जानना

**57.** 'धनुष से छूटा हुआ बाण वापिस नहीं आ सकता' इसका अभिप्राय है

(A) छूटने पर बाण नहीं लौटता

(B) बात बाण की भांति तीक्ष्ण होती है

(C) मुंह से निकली बात लौटाई नहीं जा सकती

(D) बाण का वापिस आना कठिन कार्य है

**58.** श्री नारायण गुरु ने समाधि कब ली

(A) 1856 (B) 1906 (C) 1947 (D) 1928

**59.** 'नारायण गुरु' कौन-से महान कार्य के लिए जन-जन में श्रद्धा से याद किए जाते हैं

(A) सामाजिक विकृतियों को दूर करने के कारण

(B) मन्दिर स्थापित करने के लिए

(C) जमींदारी खत्म करने के लिए

(D) विद्यालय स्थापित करने के लिए

**60.** झंडे में चरखे का चिह्न रखने का क्या अर्थ था

(A) स्वदेश प्रेम (B) आगे बढ़ना (C) आत्मनिर्भरता (D) प्रगति

**61.** 'जगजीवन में जो चिर महान' कविता में कवि चिर महान को क्यों पाना चाहता है

(A) धनवान बनने के लिए

(B) सत्य का प्रचार करने के लिए

(C) भेदभाव मिटाने के लिए

(D) अहिंसा के उपदेश के लिए

**62.** 'जागरण गीत' कविता में कवि क्या संदेश देना चाहता है

(A) कल्पना लोक में विचरण का

(B) प्रगति के पथ पर निरंतर बढ़ने का

(C) जीवन के सुख बटोरने का

(D) रुकावटों का देख रुक जाने का

**63.** 'धरती पर बसाने आ रहा हूँ' पंक्ति में धरती पर बसाने का अर्थ क्या है

(A) घर बनाना

(B) जमीन देना

(C) पृथ्वीलोक में रहना

(D) धरती की वास्तविकता से परिचित कराना

**64.** 'उदयाचल' का क्या अर्थ है

(A) सूर्य का आंचल (B) उदय होता सूर्य

(C) पूरब दिशा की लाली (D) पूर्व दिशा का कल्पित पर्वत

**65.** 'गुण के गाहक सहस नर' पद में किन दो पक्षियों की तुलना की गई है

(A) हंस और बगुला (B) हंस और कौआ

(C) कौआ और कोयल (D) कौआ और बगुला

**66.** 'बिना विचारे जो करे' पद में किस बात को कवि ने नहीं कहा

(A) काम बिगड़ जाता है (B) पीछे पछताना पड़ता है

(C) जग में हंसी होती है (D) मित्र साथ छोड़ देते हैं

**67.** राजा दशरथ ने किसे बनवास में जाने का आदेश दिया

(A) राम को (B) राम और लक्ष्मण को

(C) राम व सीता को (D) राम, सीता और लक्ष्मण को

**68.** राम वनगमन के पद किस ग्रंथ से लिए गए हैं :

(A) रामायण (B) रामचरितमानस

(C) कवितावली (D) सूरसागर

**69.** 'संग सुबंधु, पुनीत प्रिया, मनो धर्म क्रिया धरि देह सुहाई' का क्या अर्थ है

(A) राम ने सभी बंधुओं और सीताजी को संग लिया (B) राम अपने भाई और पत्नी के साथ धर्म कर्म में लग गये

(C) राम ने धर्म और कर्म के लिए भाई और पत्नी को संग ले लिया

(D) राम के साथ भाई और पत्नी इस प्रकार शोभा दे रहे थे मानो धर्म-कर्म ने देह धारण कर ली हो

**70.** 'पर्णकुटी करिहौ कित ह्वै' सीता जी ने श्रीराम से ऐसा क्यों पूछा

(A) क्योंकि वह कुटिया में रहना चाहती थीं

(B) क्योंकि वह थकावट से व्याकुल थीं

(C) क्योंकि वह पर्णकुटी देखना चाहती थीं (D) क्योंकि रात होने वाली थी

**71.** 'सकुचाति महि पद पंकज छ्वै' ग्रामवधुओं ने सीता जी को देखकर ऐसा क्यों कहा

(A) सीता जी के चलने से कमल के फूल कुम्हला गये थे

(B) सीता जी धरती पर चलने में संकोच कर रही थीं

(C) क्योंकि सीता जी उस राह पर संकोचपूर्वक चल रही थीं

(D) क्योंकि सीता जी के चरण बहुत कोमल थे

**72.** 'राजहु काज अकाज न जान्यो' इस पंक्ति का अभिप्राय है

(A) राजा जान-बूझकर अनजान बन गया (B) राजा ने सही और गलत कार्य का अन्तर नहीं समझा

(C) राजा बिना कार्य किसी को नहीं जानता

(D) राजा राज-काज को नहीं जानता

**73.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द शेष तीन शब्दों से अलग है

(A) मंझधार (B) पतवार (C) लहरें (D) शिखर

**74.** 'जगजीवन में चिर महान' कविता का मुख्य भाव क्या है

(A) मानव सुरक्षा (B) मानव कल्याण और एकता

(C) विश्व बंधुत्व (D) अमरत्व की प्राप्ति

**75.** भारती भाग–3 में संकलित सोहनलाल द्विवेदी–रचित कविता का क्या नाम है

(A) नदी का रास्ता (B) मुक्ति पथ

(C) जागरण गीत (D) फूटा प्रभात

**76.** राजा शुद्धोदन के राज्य की राजधानी कौन-सी थी

(A) अयोध्या (B) लुम्बिनी

(C) कपिलवस्तु (D) श्रावस्ती

**77.** महर्षि असित को कपिलवस्तु में किसके जन्म की अनुभूति हुई

(A) शाक्य मुनि (B) कपिल मुनि (C) ब्रह्ममुनि (D) महामुनि

**78.** सिद्धार्थ के पुत्र का क्या नाम रखा गया

(A) रोहित (B) राहुल (C) लव (D) ध्रुव

**79.** उद्यान भ्रमण के समय कौन राजकुमार की व्यग्रता का कारण नहीं बना

(A) वृद्ध (B) निर्धन (C) रोगी (D) मृतक

80. राजकुमार के कौन-से मित्र ने उन्हें आमोद-प्रमोद में तल्लीन करने का प्रयास किया

(A) देवदत्त (B) उद्धव (C) उदायी (D) देवव्रत

81. सिद्धार्थ ने राजमहल को छोड़ने के लिए किस अश्व की सहायता ली

(A) कंथक (B) मोहित (C) तक्षक (D) छंदक

82. राजकुमार ने अपने स्वर्णिम वस्त्रों के बदले किसके वस्त्र धारण किए

(A) शिकारी (B) भिक्षु (C) तपस्वी (D) ऋषे

83. राजकुमार जब मगध पहुंचे तब वहां का राजा कौन था

(A) अशोक (B) कनिष्क (C) बिम्बसार (D) चन्द्रगुप्त

84. कठोर तपस्या से दुर्बल हुए बोधिसत्व को किसने पायस भरा पात्र प्रदान किया

(A) नंदबाला (B) यशोधरा (C) श्यामा (D) गोपिका

85. 'अष्टांग योग' के नाम से विख्यात मार्ग को तथागत ने क्या नाम दिया

(A) श्रेष्ठमार्ग (B) उच्चमार्ग (C) मध्यमार्ग (D) निम्नमार्ग

86. गया में कौन-से मुनि के आश्रम में भगवान बुद्ध को अग्निशाला में रहने के लिये कहा गया

(A) गौतम (B) वशिष्ठ (C) कश्यप (D) विश्वामित्र

87. गांधार देश के किस राजा ने भगवान बुद्ध से ज्ञान प्राप्त किया

(A) पुष्कर (B) देवदत्त (C) सुदत (D) पुष्पजीत

88. वैशाली की उस सुंदरी का क्या नाम था जो तथागत के दर्शन के लिए आई थी

(A) आम्रपाली (B) नंदबाला (C) यशोधरा (D) वनदेवी

89. अंतिम शयन से पूर्व तथागत ने कौन-सी नदी में स्नान किया

(A) यमुना (B) सरस्वती (C) हिरण्यवती (D) सरयू

90. कौन-सा प्रसिद्ध राजा बौद्ध धर्म को अपनाकर 'चंड' से 'धर्मराज' हो गया

(A) चंद्रगुप्त (B) अशोक (C) अनिरुद्ध (D) कनिष्क